


दर्शकों ने दी दुआएं

कुंबले ने दर्शकों का धन्यवाद अदा करते हुए कहा, जब मैं नौ विकेट लेकर थर्ड मैन पर फील्डिंग करने गया तो दर्शकों की ओर से मुझे शुभकामनाएं मिलने लगीं। लोग कह रहे थे चिंता मत करो आपको सभी 10 विकेट मिलेंगे।

## डीआरएस होता तो पहले ही 10 आउट कर देताः अनिल कुंबले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने दिल्ली में पाकिस्तान के खिलाफ पारी में दस विकेट लेकर कीर्तिमान स्थापित किया था। हालांकि कुंबले का मानना है कि अगर उनके दौर में के होता तो वह उस मैच में पहले ही यह करिश्मा कर चुके होते। कुंबले ने रविचंद्रन अश्विन के साथ एक यूट्यूब चौनल पर बातचीत में यह बात कही। इस वीडियो में कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ पारी में 10 विकेट के अलावा अपने अन्य क्रिकेट अनुभवों को साझा किया। अश्विन ने कुंबले से उस अनुभव के बारे में पूछा जब वह 9 विकेट ले चुके थे। और लोग उन्हें 10 विकेट दिलवाने की कोशिश कर रहे थे। जवागल श्रीनाथ लगातार ऑफ स्टंप के बाहर गेंद फेंक रहे थे। उन्होंने तो सदागोपन रमेश को कैच न लेने तक को कहा था। इस पर पूर्व कप्तान ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह पारी के सभी 10 विकेट हासिल कर लेंगे। वह तो बस करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते थे। कुंबले ने बताया, जब मैंने छह विकेट ले लिए थे तब टी ब्रेक हुआ। तो जब मैं वापस आया तो थका हुआ था। मैंने कभी सभी 10 विकेट लेने के बारे में नहीं सोचा था।

# आईपीएल मैचों के दौरान आएंगे 50 प्रतिशत दर्शक

### बीसीसीआई से आईपीएल की औपचारिक पुष्टि की बाद सरकार से मंजूरी मांगेगा यूएई बोर्ड

**क्रिकेट**

- आईपीएल के यूएई में आयोजन को लेकर बीसीसीआई को भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार
- यूएई में कोविड– 19 लगभग नियंत्रित, यहां स्टेडियम में दिख सकते हैं दर्शक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूनाइटेड अरब अमिरात क्रिकेट बोर्ड के सचिव मुबाशशिर उस्मानी ने कहा कि अगर सरकार मंजूरी देती है तो वे संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में स्टेडियमों को 30 से 50 प्रतिशत तक दर्शकों से भरना चाहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग की तारीखों की घोषणा करते हुए इसके अध्यक्ष ब्रजेश पटेल ने था कि 19 सितंबर से 8 नवंबर तक होने वाले टी20 टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों को मैदान में जाने की अनुमति देने का फैसला संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा लिया जाएगा।




तारीखों की घोषणा करने के बावजूद भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी यूएई में आईपीएल कराने को लेकर भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। उस्मानी ने फोन पर कहा, एक बार हमें बीसीसीआई से (भारत सरकार की मंजूरी के बारे में) पुष्टि हो जाए तो हम अपनी सरकार के पास पूर्ण प्रस्ताव और मानक परिचालन प्रक्रिया के साथ जाएंगे, जो हमारे और बीसीसीआई द्वारा तैयार किया गया होगा।

उन्होंने कहा, हम निश्चितरूप से हमारे लोगों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का अनुभव कराना चाहेंगे लेकिन यह पूरी तरह से सरकार का फैसला होगा। यहां ज्यादातर टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या 30 से 50 प्रतिशत तक होती है, हम इसी संख्या की उम्मीद कर रहे हैं। उस्मानी ने कहा, हमें इस पर अपनी सरकार की मंजूरी की उम्मीद है।

यूएई में कोविड–19 के 6000 से ज्यादा सक्रिय मामले हैं और वहां महामारी पर स्थिति लगभग नियंत्रित है। हालांकि नवंबर में होने वाले 2020 दुबई रग्बी सेवंस टूर्नामेंट को कोरोना वायरस के खतरे के कारण 1970 के बाद पहली बार रद्द कर दिया गया है। उन्होंने आईपीएल की सुरक्षा को लेकर हो रही चिंताओं के बारे में कहा, यूएई सरकार संक्रमितों की संख्या को कम करने में काफी कारगर रही है। हम कुछ नियम और प्रोटोकॉल का पालन करके सामान्य जीवन जी रहे हैं।

उस्मानी ने कहा, और आईपीएल में तो अभी थोड़ा समय है, हम निश्चितरूप से इससे बेहतर स्थिति में होंगे। आईपीएल की संचालन परिषद रविवार को बैठक करके लॉजिस्टिक और एसओपी पर फैसला करेगी।

# इरफान पठान अब श्रीलंका प्रीमियर लीग में खेलते नजर आ सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑल राउंडर इरफान पठान शुरुआती लंका प्रीमियर लीग में स्टार खिलाड़ियों में से एक हो सकते हैं क्योंकि वह उन 70 विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने 28 अगस्त से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने में दिलचस्पी दिखाई है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, 'पठान को प्लेयर ड्राफ्ट में रखा जायेगा, जब तक पांच में से एक फ्रेंचाइजी उन्हें मार्की खिलाड़ी के रूप में नहीं चुनती।' इसके मुताबिक, 'ड्राफ्ट और फ्रेंचाइजी मालिकों की जानकारी की घोषणा अंतिम रूप देने के बाद की जायेगी। श्रीलंका



क्रिकेट सरकार से कुछ मंजूरी मिलने का भी इंतजार कर रहा है, जिसके बाद ही फ्रेंचाइजी मालिकों पर फैसला होगा। पांच फ्रेंचाइजी कोलंबो, कैंडी, गॉल, दाम्बुला और जाफना का प्रतिनिधित्व करेंगी।' रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड सक्रिय भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं देता लेकिन पठान पहले ही संन्यास ले चुके हैं जिससे उन्हें इसके लिए मंजूरी दे दी गई। श्रीलंका के ऑल राउंडर फरवेज महरूफ ने इस साल जनवरी में संन्यास की घोषणा करने वाले पठान का नाम ड्राफ्ट में शामिल करने की पेशकश की थी। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर मजाकिया छेड़छाड़ के बाद महरूफ ने ऐसा किया। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान टूर्नामेंट को अपनी मंजूरी दी।

बोर्ड ने बयान में कहा, '23 लीग मैच चार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रंगगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पालेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सूरीयावेवा महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएँगे।' इसमें कहा गया, ''कोलंबो, कैंडी, गॉल, दाम्बुला और जाफना के नाम की पांच टीमें लीग में हिस्सा लेंगी।'

## पाकिस्तान के खिलाफ 183 रन, कोहली की सर्वश्रेष्ठ पारीः गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने विराट कोहली की 2012 के एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई 183 रनों की पारी उनकी बेस्ट पारी है। गंभीर ने कहा कि तीनों प्रारूपों में यह विराट द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी है। ढाका में भारतीय टीम 330 रनों का लक्ष्य पीछा कर रही थी। कोहली ने 148 गेंदों पर 22 चौकों और एक छक्के की मदद से 183 रन बनाए थे। कोहली की पारी के दम पर भारत ने छह विकेट से जीत हासिल की थी।

गंभीर उस मैच में खाता खोले बिना आउट हो गए थे। उन्होंने कहा, विराट कोहली ने तीनों प्रारूपों में कई मैच–जिताऊ पारियां खेली हैं लेकिन वह (183) रनों की पारी सभी नजरिये से उनकी बेस्ट पारी थी। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सबसे पहले हम 330 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे थे। फिर भारत का स्कोर 0/1 था और फिर आकर 330 में से 183 रन बनाना और वह भी पाकिस्तान के खिलाफ, और उस समय, जब कोहली को बहुत अधिक अनुभव भी नहीं था। वाकई शानदार है।

## न्यूज डायरी



### हार्दिक पंड्या की गोद में नन्हा बेटा, वायरल हुई तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी नताशा स्तानकोविक के घर हाल ही में एक खुशी आई है। हार्दिक पिता बने हैं। इसकी जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। इसके बाद इस लव कपल को मिलने वाली बधाइयों का तांता लग गया। हालांकि हार्दिक ने जो पहली तस्वीर साझा की थी उसमें उनके बेटे का चेहरा नहीं दिख रहा था लेकिन अब उन्होंने बेटे को गोद में लिए फोटो इंस्टाग्राम पर साझा की है जो वायरल हो गई है। हार्दिक पंड्या ने जब पिता बनने की खबर को साझा किया तब लोगों ने दिल खोलकर उन्हें बधाई दी। लव बर्ड्स हार्दिक और नताशा की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर बहुत पसंद किया जाता रहा है। यह कपल लोगों को बहुत भाता है। और जब इनके घर खुशी आई तो लोगों ने दिल खोलकर खुशियां दीं। हार्दिक ने अब अपने बेटे की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। हार्दिक पंड्या ने जनवरी में नताशा के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया था।

### कामयाब स्ट्राइकर बनने के लिए छठी इंद्री को जगाना पड़ता हैः भूटिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने कहा है कि सभी स्ट्राइकर के लिए लगातार गोल करने के लिए छठी इंद्री को जगाना जरूरी है। एआईएफएफ टीवी से बात करते हुए भूटिया ने कहा, यह छठी इंद्री की बात है। आपको सूंघना पड़ता है कि गोल कहां से आ रहा है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों के पास यह क्षमता होती है। आपको स्थिति को पढ़ना होता है। जब तक आप छठी इंद्री को नहीं जगाते हैं तो आप सफल स्ट्राइकर नहीं बन सकते। टीम के मौजूदा कप्तान सुनील छेत्री ने एक बार कहा था कि, भूटिया भाई के लिए गोल करना जीने–मरने की बात थी। इस बात का हवाला देते हुए भूटिया ने कहा कि जब भी आपको लगे कि मौका है तो आपको कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 10 में से एक या दो स्थिति में आपको गोल करने का मौका मिलता है।

### महेंद्र सिंह धोनी का बेस्ट अब गुजर चुका हैः रोजर बिनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर रोजर बिनी ने महेंद्र सिंह धोनी के क्रिकेट भविष्य पर अपनी राय रखी है। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिनी ने कहा है कि पूर्व भारतीय कप्तान अपना सुनहरा दौर पार कर चुके हैं, और अब मैदान पर वह पहले जैसा मैच–विनिंग प्रभाव नहीं रखते। बिनी ने कहा कि धोनी के अच्छे दिन बीत चुके हैं और अब वक्त आ गया है कि वह अगली पीढ़ी के लिए रास्ता बनाएं।

स्पोर्ट्सकीड़ा वेबसाइट से बात करते हुए बिनी ने कहा, पिछले कुछ सीजन से उन्हें देखकर लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ वक्त अब गुजर चुका है। मुझे लगता है कि अपनी समझ और ताकत के दम पर वह जो हारा हुआ मैच जिता देते थे वह समय अब बीत गया है। और साथ ही खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की उनकी खूबी भी अब पहले जैसी नहीं रही।

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान बॉथम हाउस ऑफ लॉर्ड्स में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयन बॉथम का नाम हाउस ऑफ लॉर्ड्स में शामिल होने वाला है। ग्रेट ब्रिटेन की सरकार ने उन्हें लाइफ पीरेज अवॉर्ड देने की घोषणा की है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बॉथम का नाम उन 36 लोगों में शामिल है, जिन्हें यह अवॉर्ड दिया जाएगा। इस सूची में चांसलर केन क्लार्क और फिलिप हेमंड के नाम भी शामिल है। ईसएपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, 2011 के बाद से इस अवार्ड को पाने वाल बॉथम पहले क्रिकेटर होंगे। उनसे पहले राचेस हेयहोए फ्लिंट, डेविड शैफर्ड, कोलिन कॉवड्रे और लियार कांस्टेनटाइन को यह अवॉर्ड मिल चुका है। बॉथम ने 1977 से 1992 तक इंग्लैंड के लिए 102 टेस्ट मैच खेले। उन्हें 2007 में नाइट की उपाधि दी गई थी। संन्यास के बाद वह कॉमेंटेटर के रूप में काफी मशहूर रहे हैं।